Damodar Valley Corporation;

(b) if so, the details; and

(c) the amount spent so far on this and details of the journey performed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) to (c). No aircraft was hired for the personal use of Chairman Damodar Valley Corporation during 1980. A small aircraft of the Indian Iron Steel Company was hired on 3 occasions during 1980 for the official use of Chairman and other senior officers of the DVC for inspection of DVC power stations.

बिना परमिट के गैस कनेक्शन

174. **श्री राम प्यारे पनिका** : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में बिना परमिट के गैस कनेक्शन दिलाने वाला गिरोह बहुत सक्रिय है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस बारे में कोई कार्यवाही करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके कारण क्या है ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द्र सेठी) : (क) से (ग). सरकार को दिल्ली में बिना परमिट के गैस कनेक्शन दिलाने वाले किसी गिरोह की जानकारी नहीं है ।

चोपन और पिपरी उत्तर प्रदेश में दूर-दर्शन केन्द्र

175. **श्री राम प्यारे पनिका** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में चोपन और पिपरी नामक स्थान पर एक दूर-दर्शन केन्द्र स्थापित करने के बारे में कोई पत्र प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इन आदिवासी और हरिजन बहु-संख्या वाले तथा औद्योगिक स्थानों पर दूर-दर्शन केन्द्र स्थापित करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो उसके क्या कारण है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी कुमुद बेन एम० जोशी) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). संसाधनों की कमी के कारण छठी "योजना" अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में चोपन और पिपर में दूर-दर्शन केन्द्र स्थापित करना सम्भव नहीं है ।

खाना पकाने की गैस की नई एजेंसियों का आवंटन

176. **श्री राम प्यारे पनिका** : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या सरकार ने इस वर्ष खाना पकाने की गैस की नई एजेंसिया आवंटन करने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है और इनका आवंटन किन स्थानों पर किया जाएगा ;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर शहर में भी गैस की नई एजेंसियां आवंटित करने का निर्णय किया गया है और;

(घ) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है और ये कहां-कहां आवंटित की जाएंगी और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द्र सेठी) : (क) और (ख) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों ने अपने वार्षिक कार्यक्रम के भाग के रूप में वर्ष 1980-81 के दौरान देश के विभिन्न भागों में कुल 235 नई खाना पकाने की गैस की एजेंसियों की स्थापना के सम्बंध में योजनाएं आरम्भ की है। राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गये है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) क्योंकि मिर्जापुर में स्थित वर्तमान वितरक 2500 रिफिल्स प्रति माह की निर्धारित सीमा से बहुत नीचे कार्य कर रहा है, किसी अतिरिक्त वितरक की उस स्थान के लिए योजना बनाई गई है ।

विवरण

राज्य और संघ शासित प्रदेशों के नाम	कुल
1	2
आन्ध्र प्रदेश	26
असम	02
बिहार	08
गुजरात	22
हरियाणा	12
कर्नाटक	29
मध्यप्रदेश	17
महाराष्ट्र	25
उड़ीसा	02
पंजाब	15
राजस्थान	15
तमिल नाडु	12
उत्तर प्रदेश	20
पश्चिम बंगाल	07
चण्डीगढ़	02
दिल्ली	20
गोआ	01
कुल	235

नये पेट्रोल पम्पों की स्थापना

177. **श्री राम प्यारे पनिका** : क्या **पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष कुछ नये पेट्रोल पम्पों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है तथा प्रस्तावित स्थान कौन से हैं ;

(ग) क्या जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश में भी कुछ पेट्रोल पम्पों की स्थापना का निर्णय लिया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो उनकी संख्या तथा स्थान क्या हैं और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द्र सेठी) : (क) जी हां ।